@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, ThurSday, 09 october 2025 PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020| Vol 1 | Issue No.- 37| Pages 04 | ₹3.00

# UK Prime Minister Keir Starmer Arrives in India with Largest-Ever Trade Delegation

FAIR REPORT

**New Delhi :** Prime Minister Keir Starmer of the United Kingdom arrived in India today on his historic maiden visit, accompanied by the largest-ever UK trade delegation to the country. The visit is widely seen as a significant step towards deepening economic, strategic, and cultural ties between the two democracies. This landmark trip marks a new chapter in India-UK relations, with both countries aiming to strengthen their partnership amid shifting global economic dynamics. The delegation comprises leading business leaders, entrepreneurs, and government officials from sectors including technology, healthcare, finance, and clean energy, reflecting the broad scope of collaboration envisaged. The visit comes at a time when both nations are keen to expand bilateral trade, investment, and cooperation in innovation. India is currently the UK's fastest-growing export market, and the two governments are expected to explore avenues to boost trade volumes significantly over the next decade.

Prime Minister Starmer expressed enthusiasm about the visit, highlighting the shared values of democracy, rule of law, and economic openness. "India and the UK share a vision of a stronger, mutually prosperous future," he said. "This delegation underscores our commitment to unlocking new opportunities for our businesses and peoples." On




the agenda is a high-level meeting scheduled for tomorrow between Prime Minister Starmer and India's Prime Minister Narendra Modi. Discussions are expected to focus on enhancing trade partnerships, promoting technology exchange, climate action, and exploring cooperation in areas such as education and defense.

The visit also includes engagements with Indian industry leaders and cultural events aimed at strengthening people-to-people ties. With this visit, both nations signal their intent to elevate their longstanding relationship into a dynamic strategic partnership suited to the challenges and opportunities of the 21st century.

# Afghan Taliban Foreign Minister Makes First Official Visit to India Since 2021



FAIR REPORT

**New Delhi:** Amir Khan Muttaqi, the Foreign Minister of Afghanistan's Taliban-led government, is visiting India for the first time since the Taliban took control of Kabul in August 2021. The visit, described as a cautious diplomatic engagement, marks a subtle thaw in India-Afghanistan ties amid complex regional dynamics. During his visit, Muttaqi is scheduled to hold talks with Indian officials focusing on expanding trade relations, particularly the export of Afghan dry fruits—a key sector for Afghanistan's economy. Discussions are also expected to cover health cooperation initiatives and the potential access to Indian ports, which could provide Afghanistan with vital trade routes bypassing Pakistan.

While India has not formally recognized the Taliban government, the visit underscores New Delhi's pragmatic approach towards engagement with Afghanistan's new rulers. India continues to support the Afghan people and has maintained development projects in the war-torn country, especially in areas such as education, infrastructure, and healthcare. Indian officials have reiterated that their engagement remains conditional on the Taliban's commitment to maintaining peace, preventing terrorism, and ensuring human rights, especially those of women and minorities. The visit also takes place against the backdrop of evolving geopolitical interests in South Asia, with India balancing its concerns over regional security and counterterrorism with the need to maintain influence in Afghanistan to counterbalance Pakistan and China. For the Taliban, the visit represents an opportunity to break out of international isolation and seek economic support amid a crippling humanitarian crisis. Experts say the visit could pave the way for incremental diplomatic openings, although full normalization remains unlikely until the Taliban demonstrate tangible progress on governance and human rights.

# PM Modi Inaugurates Navi Mumbai International Airport, Aims to Ease Aviation Load on Mumbai

FAIR REPORT



**Navi Mumbai :** Prime Minister Narendra Modi on Tuesday officially inaugurated the Navi Mumbai International Airport (NMIA), marking a significant milestone in India's aviation and infrastructure development. The airport, developed by the Adani Group, has been constructed at an estimated cost of $2.2 billion (approx. 18,300 crore) and is expected to significantly reduce passenger load on the overburdened Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport (CSMIA). In his address at the inaugural ceremony, PM Modi called the project a "symbol of new India's speed, scale, and ambition", adding that NMIA will serve as a key gateway for both domestic and international travelers in the western region. He highlighted the government's ongoing focus on infrastructure-led growth, citing the airport as a critical link in India's $5 trillion economy vision. Located in Raigad district, around 35 kilometers from Mumbai, NMIA is designed to handle up to 90 million passengers annually once fully operational. The first phase, now open, is set to manage up to 20 million passengers per year, with plans for phased expansions over the next decade. The airport features cutting-edge terminals, multi-modal transport integration, cargo facilities, and sustainable green architecture aimed at reducing the carbon footprint. It is expected to become a logistics hub for western India, supporting trade, tourism, and regional development.

The Adani Group, which also manages other major airports like Ahmedabad and Lucknow, called the project a "testament to private-public partnership potential" in India's rapidly growing infrastructure space. However, the inauguration was not without controversy. Critics and opposition leaders raised concerns over the concentration of key infrastructure assets under corporate entities like Adani, questioning the transparency and fairness in the project's awarding process. Despite these concerns, aviation experts have welcomed the development, citing Mumbai's chronic air traffic congestion and the pressing need for additional capacity. Commercial operations at NMIA are expected to begin in early 2026, following final regulatory clearances and airline onboarding.

## Jaisalmer Poised to Become India's Cement Capital

**Jaisalmer:** In a significant boost to Rajasthan's industrial footprint, Jaisalmer is on track to become the largest cement-producing district in India, potentially overtaking Andhra Pradesh, the current leader. The development comes as six new cement manufacturing plants are being established across the region, bringing in a combined investment of over 17,000 crore. Officials from the state's industries department confirmed that the new plants are in various stages of construction and environmental clearance. These units are expected to become operational over the next 3 to 5 years, creating thousands of direct and indirect jobs and significantly enhancing the region's economic landscape. The primary driver behind this industrial surge is Jaisalmer's rich limestone reserves, which are among the most extensive in India.

## IMF Chief: Global Economy 'Better Than Feared,' But Headwinds Persist

FAIR REPORT

International Monetary Fund (IMF) Managing Director Kristalina Georgieva stated on Tuesday that the global economy in 2025 is performing better than initially feared, even amid persistent economic shocks and geopolitical uncertainties. Speaking ahead of the IMF–World Bank Annual Meetings, Georgieva struck a cautiously optimistic tone while unveiling updated global growth forecasts. According to the IMF's revised projections, the global economy is expected to grow by 3.0% in 2025, with growth accelerating slightly to 3.1% in 2026. These figures are marginally higher than earlier estimates, reflecting resilience in consumer demand, easing inflation in advanced economies, and a modest rebound in global trade. "While we are not out of the woods, the worst-case scenarios have been averted," Georgieva said. She credited coordinated monetary and fiscal responses in key economies for preventing a sharper slowdown. However, she warned that the post-pandemic recovery remains fragile, with growth levels still below pre-COVID trends. Key risks flagged by the IMF include rising global debt, particularly in developing economies, volatile capital flows, lingering inflation in food and energy sectors, and increasing geopolitical fragmentation — especially in the wake of ongoing conflicts and trade disputes.

# Two Years Since October 7: The Challenge of Peace and Terror in the Middle East



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

By Special Feature Desk

Marked a grim chapter in the Israeli-Palestinian conflict. The unprecedented attack by Hamas militants on Israeli territory, resulting in significant civilian casualties and hostage-taking, sent shockwaves across the world. As we observe the second anniversary, the event continues to cast a long shadow over the prospects for peace and stability in the region.

The ongoing ceasefire negotiations, currently taking place in Cairo under the aegis of Egypt and Qatar, reflect the complexities of seeking reconciliation amid deep-seated mistrust. The talks focus on a delicate balance — staged Israeli withdrawals, humanitarian relief in Gaza, and efforts to curtail militant activities — all underscored by the urgent need to alleviate civilian suffering. It is crucial to recognize that the violence of October 7 was not an isolated incident but the product of longstanding grievances, ideological convictions, and strategic calculations by militant groups. While Israel asserts its right to defend its citizens, the humanitarian cost in Gaza remains a grave concern. The international community faces a difficult task: to support efforts that can break the cycle of violence without ignoring the security imperatives of all parties involved. This necessitates a nuanced understanding that terrorism and armed resistance, while distinct in nature and intent, contribute to an intractable impasse unless addressed through sustained dialogue and accountability.

The broader question remains: can peace be achieved without addressing the ideological underpinnings that fuel extremism? And how can the international order reconcile respect for sovereignty with the imperative to protect human rights and prevent terrorism? As the world watches the ceasefire talks unfold, there is an urgent need for concerted diplomatic engagement — one that moves beyond rhetoric to foster lasting solutions, grounded in justice, security, and human dignity. The anniversary of October 7 is a sober reminder that the path to peace in the Middle East is fraught with challenges that require patience, clarity, and resolve.

## चेकिंग से डरकर टैंकर ने रॉन्ग साइड जाकर LPG ट्रक को मारी टक्कर, 2 घंटे में फटे 200 सिलेंडर्स

# प्रलय का कारण आरटीओ चेकिंग

FAIR REPORT

जयपुर

जयपुर-अजमेर हाईवे पर मोखमपुरा के पास मंगलवार देर रात एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक को केमिकल से भरे टैंकर ने टक्कर मार दी। इसके बाद एक-एक कर सिलेंडर फटने लगे। हादसे में एक व्यक्ति जिंदा जल गया। वहीं, 5 लोगों के घायल होने की सूचना है। इस हादसे की एक बड़ी वजह सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे का कारण रात के समय आरटीओ चैकिंग की जा रही थी। इस चैकिंग से बचने के लिए अचानक टैंकर ड्राइवर ने गाड़ी रॉन्ग साइड में ढाबे की तरफ मोड़ दी। इसके बाद टैंकर सिलेंडर से भरे ट्रक में जा टकराया और ये भीषण सड़क हादसा हो गया।





### रॉकेट की स्पीड से उछले सारे सिलेंडर

हादसा इतना भयानक था कि जलते सिलेंडर रॉकेट की स्पीड से उछल रहे थे। उछलते सिलेंडर ढाबे में घुसने लगे, वहां लोगों में अफरातफरी मच गई। वे इधर-उधर भागने लगे। एक जलता सिलेंडर तो सड़क किनारे लगे 30 फुट ऊंचे होर्डिंग पर जा अटका। इस नजारे को देखकर लोगों की रुह कांप गई।

### RTO वाले करते परेशान : ड्राइवर

ढाबों और होटलों पर मौजूद ड्राइवरों ने ऑफ कैमरा बताया- हाईवे पर दूदू से लेकर सावरदा, गिदानी, धर्म कांटा, मोखमपुरा, पड़ासोली, दांतरी और बगरू तक आरटीओ वाले लोडिंग ट्रक ड्राइवरों को परेशान करते हैं। पैसे की डिमांड करते हैं। इनसे बचने के लिए ड्राइवर इन स्पॉट से स्पीड में गाड़ी भगाने की कोशिश करते हैं। कई बार पीछा करने के चलते भी बड़े भारी वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं। साल भर में 20 से ज्यादा लोगों की जान चुकी है। 27 सितंबर को भी सावरदा से पहले इसी हाईवे पर दो ट्रक की टक्कर में पीछे एक ट्रक का ड्राइवर जिंदा जलकर मर गया था।

### वाहनों को रोका

इस हादसे पर राज्य के सीएम भजनलाल शर्मा ने जांच के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। उन्होंने बताया कि स्थिति नियंत्रण में हैं। वहीं, इस हादसे के बाद प्रशासन एक्शन में आ गया। पुलिस अधिकारी और अग्निशमन दल डुडू क्षेत्र के निकट घटनास्थल पर पहुंच गए और राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया। इस कारण हाइवे पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतार देखने को मिली। बताया जा रहा है कि दोनों ट्रकों के चालक और क्लीनर लापता हैं।



### केमिकल रिसाव : ढाबे खाली कराए

200 सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद सुबह रेस्क्यू के दौरान टैंकर से केमिकल का रिसाव हो गया है। पुलिस ने इसके आसपास बैरिकेडिंग करके लोगों को हटा दिया है। आसपास के रेस्टोरेंट-ढाबे भी खाली कराए गए। टैंकर का ड्राइवर रामराज मीणा (35) जिंदा जल गया। 5 लोग घायल हो गए। एलपीजी ट्रक के पास खड़ी 5 गाड़ियां भी जल गईं। हालांकि टैंकर में भरे केमिकल ने आग नहीं पकड़ी थी। सुबह जब इसे हटाया जा रहा था तभी इसमें से रिसाव शुरू हो गया। केमिकल कौन-सा है इसको लेकर अलग-अलग दावे किए गए है। वहीं, करीब 6 घंटे तक बंद रहे हाईवे को पुलिस ने सुबह 4.30 बजे खुलवाया।

### 25 से 30 फीट ऊंची थीं आग की लपटें

दूदू 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी हनीफ हादसे के बाद मौके पर सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक हैं। हनीफ बताते हैं- हम सरावदा पहुंचे तो आग की लपटें 25 से 30 फीट ऊंची थी। हिम्मत ही नहीं हुई कि ट्रक तक जा पाते। करीब एक किलोमीटर दूर से ही घटना के वीडियो बनाए और आग कम होने का इंतजार करते रहे।

### जरा देर हो जाती तो कोयला बन जाता!

सिलेंडर वाले टेंकर के पास खड़े ट्रक के ड्राइवर रवि ने बताया, मैं केबिन में लेटा मोबाइल पर रील देख रहा था। अचानक तेज आवाज आई। देखा तो पीछे एक टैंकर का केबिन आग का गोला बन गया था। सिलेंडर से भरा ट्रक आग की चपेट में आ गया था। मैं ट्रक से कूदकर खेतों में भाग गया। 3 से 5 मिनट में दो जलते सिलेंडर मेरे ट्रक के केबिन से आकर टकराए। थोड़ी देर हो जाती तो मैं भी कोयला बन गया होता।

### ड्राइवर सीट पर थे दांत, खोपड़ी के टुकड़े

सिविल डिफेंस के असरार अहमद व 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी हनीफ ने बताया, इस भयानक हादसे में टैंकर ड्राइवर के चीथड़े उड़ गए थे। ड्राइवर सीट पर दांत, खोपड़ी के टुकड़े, पैरों की उंगलियां और मांस का लोथड़ा पड़ा था। मेरी तो रूह कांप गई। हमने ये सब थैली में समेटा और एसएमएस की मॉर्च्युरी में भेज दिया

## दमकलकर्मियों ने वॉल्व बंद कर हालात पर काबू पाया

# बर्फ फैक्ट्री में अमोनिया गैस के रिसाव से हड़कंप, बचे सब

FAIR REPORT

जयपुर

देर रात हुए सिलेंडर ब्लास्ट हादसे के अगले दिन राजधानी जयपुर के पानीपेच इलाके में बुधवार सुबह एक आइस फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक होने से अफरा-तफरी मच गई। पाइप लीकेज होने से अमोनिया गैस का रिसाव होने से हड़कंप मच गया। हालांकि, इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने मुख्य वॉल्व बंद कर हालात पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। समय रहते गैस रिसाव पर काबू पाने से हादसा टल गया।बनीपार्क थाने के एएसआई तेजराम ने बताया कि शास्त्री नगर के पानीपेच इलाके में शुभ आइस फैक्ट्री में यह हादसा हुआ। जहां अमोनिया गैस के स्टोरेज





सिस्टम का एक पाइप लीक हो गया। इससे गैस रिसाव हो गया। इससे हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और फायर स्टेशन पर सूचना दी। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने गैस सप्लाई से जुड़ा मुख्य वॉल्व बंद कर हालात पर काबू पाया। फिलहाल, इस घटना में जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं है। फिर भी मामले में जांच की जा रही है।

### बहुत ज्यादा घातक होती है अमोनिया गैस

अमोनिया गैस के संपर्क में आने से लोगों को आंखों, त्वचा में जलन और सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसलिए बचाव कार्य में लगे दमकलकर्मियों और पुलिस के जवानों ने अपना चेहरा रुमाल और कपड़ों से ढंक रखा था। डॉ। नवीन शर्मा ने बताया कि अमोनिया गैस फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकती है। कई बार आंखों की रोशनी जाने का खतरा भी रहता है। फेफड़ों को ज्यादा नुकसान होने पर मौत का भी खतरा बना रहता है। इसके अलावा त्वचा में जलन और फफोले जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं

## SMS अग्निकांड जैसा मिसमैनेजमेंट नहीं देखा : गहलोत



सरकारी अस्पताल में वितरित होने वाले कफ सिरप से बच्चों की मौत का मामला अब भी थमा नहीं है। वहीं अब SMS अस्पताल के ICU वार्ड में हुए आगजनी की घटना से पूरे प्रदेश में बवाल मचा है। SMS अस्पताल मामले में विपक्ष लगातार सरकार को घेर रही है। वहीं अब पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राजस्थान सरकार पर तीखा प्रहार बोला है। अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार को लेकर कहा है कि इस सरकार में त्रासदी के सिवाय और हो क्या रहा है? उन्होंने सरकार को नाकाम बताते हुए कहा कि जनता परेशान है, सरकारी सिस्टम चरमराया हुआ है और ब्यूरोक्रेसी सुन नहीं रही हैं।

**लाशें भी नहीं पहचान पाए :** पूर्व SMS अग्निकांड में कई लोगों की मौत हुई लेकिन किसी ने परिजनों की सुध नहीं ली। इतना बड़ा मिसमैनेजमेंट मैंने अपने जीवन में नहीं देखा। परिजन अपने परिजनों की लाशें तक नहीं पहचान पा रहे थे। प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं थी। बहुत बुरी लापरवाही हुई है।

## प्रदेश में सरकार से कुछ नहीं हो रहा : जूली



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एसएमएस अस्पताल आग हादसे को लेकर सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि हादसे के सबूत मिटा दिए गए, पीड़ितों को भगा दिया गया। जूली ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है, अपराधियों को संरक्षण मिलता है और जनता हर मोर्चे पर असुरक्षित है। भाजपा सरकार सिर्फ दिखावे, फोटो सेशन और भाषणों में सक्रिय है, जबकि सच्ची सेवा और जनता की सुरक्षा न के बराबर हो रही है। भांकरोटा में हुए हादसे का जिक्र करते हुए जूली ने कहा कि नियम बनाने और ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने का दावा सिर्फ कागजों तक सीमित रहा। कल भी एक अवैध कट पर दुर्घटना हुई। दिन होता, तो लाशों के ढेर लग जाते, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और मंत्री सोते रहे।

# बेगूं पुलिस ने चंदन चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** बेगूं थाना पुलिस ने क्षेत्र में लंबे समय से हो रही चंदन के पेड़ चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया चंदन और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है।



जानकारी के अनुसार, 14 सितंबर को अब्दुल अमीन अंसारी निवासी आखरिया चौक ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि कस्बे के डोराई रोड स्थित मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान से चार चंदन के पेड़ अज्ञात चोर काटकर ले गए। कब्रिस्तान में करीब 125 से 150 चंदन के पेड़ लगे हुए थे। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए एएसपी भगवत सिंह और डीवाईएसपी के निर्देशन में थानाधिकारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल लाभचंद्र, कॉन्स्टेबल ललित, विजयसिंह, खेमाराम और मनोहर की टीम बनाई गई। टीम ने मानवीय खुफिया तंत्र के जरिए दो संदिग्धों को चिन्हित कर हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों — भैरूलाल (65) पुत्र भंवरलाल भील और श्रीराम (50) पुत्र रामलाल भील, निवासी कडोदिया, थाना सुनेल, जिला झालावाड़ — ने कब्रिस्तान से पेड़ चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी पिछले कुछ समय से बेगूं थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों जैसे सूली मगरा, बदनपुरा, कल्याणपुरा, गोपालपुरा, चेची, रामपुरिया, अनोपपुरा, धामंचा, नया गांव चरछा और डोराई आदि इलाकों में चंदन के पेड़ काटकर चोरी कर रहे थे। दोनों आरोपी शराब के आदी हैं और झालावाड़ से बेगूं क्षेत्र में आकर दिन के समय गांवों में घूमते थे। वे ग्रामीणों से संपर्क बनाकर चंदन के पेड़ खरीदने का झांसा देते और रात के समय चोरी कर पेड़ काट लेते थे। चोरी किया गया चंदन वे झालावाड़ ले जाकर बेच देते थे।

# राजस्थान से बिहार चुनाव साधने की तैयारी, बीजेपी की नजरें 18 लाख प्रवासी बिहारियों और राजस्थानियों पर

FAIR REPORT

जयपुर

बिहार विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। निर्वाचन आयोग की ओर से चुनावी तारीखों के ऐलान के साथ ही यूपीए और एनडीए ने अपनी अपनी जीत का दम भी भरना शुरू कर दिया है। चुनाव भले ही बिहार में हो रहा हो, लेकिन सियासी पारा और तैयारी राजस्थान में भी मजबूती से हो रही है। भाजपा ने चुनावी तारीखों की घोषणा के साथ अपने प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की तैनाती बिहार के लिए शुरू कर दी है। इसके साथ भाजपा ने राजस्थान में रह रहे 15 लाख से अधिक प्रवासी बिहारियों और 3 लाख प्रवासी राजस्थानियों के बीच पकड़ मजबूत की है। भाजपा को पूरा भरोसा है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के जरिए जिन बिहारी मतदाताओं को पार्टी ने 8 महीने में खंगालने का काम किया है, वो पार्टी की रीति और नीति से जुड़े हैं और बिहार चुनाव में मतदाता के रूप में पार्टी को इसका लाभ देंगे।



### टोलियां रवाना की जा रहीं

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान की सह-संयोजक सुमन शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत राजस्थान में रहने वाले प्रवासी बिहारियों को जोड़ा गया है। इसके साथ पिछले 8 महीने से लगातार अलग-अलग गतिविधि के जरिए पार्टी की रीति और नीति से जोड़ने का काम किया गया है। बिहार में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों के लिए पूर्व में तीन अलग-अलग टोलियों के जरिए 50 से अधिक महिलाओं को बिहार के अलग-अलग विधानसभाओं में काम करने के लिए भेजा गया था।

### वोटर और समर्थकों का चयन किया

'एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान' के तहत भाजपा ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले बिहारी मतदाताओं का डाटा कलेक्शन कर लिया था। राजस्थान में भी एक राज्य से दूसरे राज्य की संस्कृति के आदान-प्रदान के लिए शुरू हुए इस अभियान के तहत सभी संगठनात्मक जिलों में टीम तैयार कर उनका एक डेटाबेस तैयार किया गया। बीजेपी के डेटा के अनुसार 15 लाख से ज्यादा बिहारी मतदाता हैं, जो राजस्थान में रह रहे हैं। जिसमें 5 लाख से अधिक की संख्या अकेले जयपुर में है। इसी तरह से 3 लाख प्रवासी राजस्थानियों को पार्टी के साथ जोड़ा गया है। हालांकि पार्टी की ओर से इस अभियान को लेकर दावा किया गया था कि ये सिर्फ वोटर्स को जोड़ना नहीं, बल्कि राजस्थान और बिहार के सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूत करना है। इस अभियान में दोनों राज्यों की संस्कृति के आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया जा रहा है, लेकिन राजनीति के पंडित कहते हैं कि यह भाजपा की लंबी रणनीति का हिस्सा है। इसमें बिहार से बाहर रहने वाले वोटर्स को प्रभावित कर बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत करना प्रमुख लक्ष्य है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दावा किया कि बिहार की जनता मन बना चुकी है कि वहां पर एनडीए की सरकार बने। कांग्रेस पूरी तरह हाशिए पर चली गई है।

# गुंजल ने कांग्रेस के संस्कार ग्रहण कर लिए, इसलिए वे 'मां' को ठोकर मारने की बात कह रहे हैं

FAIR REPORT

जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल आमने सामने हो गए है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि गुंजल ने कांग्रेस में जाने के बाद वहां के संस्कार ग्रहण कर लिए हैं। इसलिए वे हल्की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस भाजपा को वे कभी मां मानते थे, उसके लिए 'ठोकर मारने' जैसे शब्दों का उपयोग कांग्रेस के लोग ही कर सकते हैं। गुंजल ने भी कांग्रेस में जाकर वहां के आचरण को अपना लिया। उन्होंने गुंजल के लिए 'एजेंट' शब्द का उपयोग करने की बात से भी इनकार किया और बोले कि वे प्रहलाद गुंजल की बहुत इज्जत करते हैं। इस तरह के शब्द का इस्तेमाल कर ही नहीं सकते। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रहलाद गुंजल भाजपा में कई सालों तक रहे हैं। उनके ऐसे कई बयान हैं, जिसमें उन्होंने भाजपा को मां माना था। अब वे दूसरी पार्टी में चले गए हैं। हो सकता है कि अब किन्हीं परिस्थितियों के कारण वे दूसरी पार्टी में चले गए हैं।



## अंता उपचुनाव : कांग्रेस ने नहीं दिया नरेश मीणा को टिकट, निर्दलीय लड़ेंगे, पहले बिगाड़ चुके कांग्रेस का खेल

# भाया कांग्रेस के उम्मीदवार, नरेश मीणा देंगे टक्कर

FAIR REPORT

जयपुर

बारां जिले की अंता सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को उम्मीदवार घोषित किया है। साल 2023 में भाया बीजेपी के कंवर लाल मीणा से हार गए थे।अब कांग्रेस ने भाया को फिर से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने बीजेपी से पहले उम्मीदवार घोषित करके उपचुनाव में रणनीतिक बढ़त लेने का प्रयास किया है। बीजेपी भी अब जल्द उम्मीदवार घोषित करने की तैयारी में है। नरेश मीणा अंता से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। 14 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होना तय है।



### पूर्व सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं

प्रमोद जैन भाया की गिनती हाड़ौती के दिग्गज नेताओं में होती है। भाया गहलोत सरकार में मंत्री रह चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भाया अंता से चुनाव लड़ते आए हैं। साल 2013 में उन्हें बीजेपी प्रत्याशी प्रभु लाल सैनी हार मिली थी, जबकि साल 2018 में प्रमोद जैन भाया ने सैनी को मात दे दी थी। हालांकि 2023 में उन्हें फिर बीजेपी के कंवर लाल मीणा से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इस बार त्रिकोणीय संघर्ष के बीच यह सीट इस बार किसके खाते में जाती है, यह वक्त बताएगा।

### भाजपा में कौन-कौन है दावेदार

बीजेपी में पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी सबसे प्रबल दावेदारों में हैं। इसके अलावा पार्टी कंवरलाल मीणा के परिवार से भी टिकट देने पर विचार कर रही है। वहीं बाहरी का विरोध करते हुए अंता से पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग और नंदलाल सुमन भी टिकट की दावेदारी जता रहे हैं। बीजेपी ने अंता विधानसभा चुनाव में सांसद दामोदर अग्रवाल को प्रभारी बनाया हैं। बीजेपी टिकट की रायशुमारी के लिए जल्द कोर कमेटी की बैठक बुला सकती है। उसके बाद कोर कमेटी अपनी रिपोर्ट सीईसी को भेजेगी। वहीं सीईसी प्रत्याशी के नाम पर अंतिम मुहर लगाएगी।

**सजा के बाद गई कंवरलाल मीणा की विधायकी :** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समर्थक कंवरलाल मीणा की विधायकी जाने के बाद ये सीट खाली हुई थी। कंवरलाल मीणा को एसडीएम पर पिस्टल तानने के 20 साल पुराने मामले में सजा होने के बाद मई से उनकी विधायकी खत्म कर दी गई थी। सीट खाली होने के 6 महीने के भीतर चुनाव करवाने होते हैं।

### तय होगा सरकार का पर्सेप्शन भी

अंता उपचुनाव के नतीजों से सरकार की सेहत पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन पर्सेप्शन सेट होगा। अगर बीजेपी जीतती है तो इसे सरकार के काम पर जनता की मुहर माना जाएगा। अगर बीजेपी हार जाती है तो विपक्ष को हमलावर होने का मौका मिलेगा।

**नरेश को नहीं दिया टिकट:** गहलोत ने संकेत दे दिए थे और उन्होंने नरेश मीणा को टिकट देने के सवाल को लेकर कहा कि नरेश मीणा को अभी सब्र करना चाहिए वह लंबी रेस के घोड़े हैं। इस बयान से यह साफ हो गया था कि नरेश को पार्टी टिकट नहीं देगी।

## ब्रीफ खबरें

### रिटायर्ड कॉन्स्टेबल पिता की मौत, बेटा पेंशन उठाता रहा



**झुंझुनूं।** रिटायर्ड पुलिसकर्मी का बेटा अपने पिता की मौत के बाद भी 3 साल तक उसकी पेंशन उठाता रहा। बैंक में 3 बार फर्जी जीवित प्रमाण पत्र जमा किया। हालांकि पुलिस को भेजी पड़ोसी की एक शिकायत के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। मामला झुंझुनूं के पचेरी कलां पुलिस थाने का है। पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में मृतक रिटायर्ड आरक्षी (कॉन्स्टेबल) भगवान सिंह के बेटे प्रदीप (48) को आज गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने कुल 8 लाख 20 हजार 738 रुपए का गबन किया हैं। थानाधिकारी राजपाल ने बताया- हरियाणा निवासी राहुल ने 6 फरवरी 2025 को डाक के जरिए पचेरी कलां पुलिस थाने में शिकायत भेजी थी। बताया- राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद से रिटायर्ड उनके पड़ोसी भगवान सिंह निवासी कुलताजपुर, महेंद्रगढ़(हरियाणा) का निधन 24 सितंबर 2021 को हो गया था। इसके बाद भी भगवान सिंह का बेटा प्रदीप, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पचेरी कलां शाखा के खाते संख्या 61020907861 में अपने पिता के जीवित होने के फर्जी दस्तावेज लगाता रहा। इन झूठे दस्तावेजों से बेटा 3 सालों से लगातार पिता की पेंशन उठा रहा था। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। बैंक और बुहाना ट्रेजरी से पेंशन से जुड़े सभी रिकॉर्ड जुटाए गए, जिनमें फर्जीवाड़ा सामने आया। जांच में सामने आया कि प्रदीप ने अपने मृत पिता के हस्ताक्षर करके तीन फर्जी जीवित प्रमाण पत्र तैयार किए।

### उदयपुर पहुंचीं पूर्व सीएम राजे, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



**उदयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बुधवार को उदयपुर पहुंचीं। यहां डबोक एयरपोर्ट पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान राजे ने काफी देर तक वरिष्ठ भाजपा नेताओं से चर्चा की और संगठन की स्थिति के बारे में जाना। एयरपोर्ट पर कई नेताओं ने राजे को हाल ही यूडीएच मंत्री के कार्यक्रम में एनएसयूआई पदाधिकारी के साथ जिलाध्यक्ष और उनके साथियों की ओर से की गई मारपीट की शिकायत भी की। इसके बाद राजे कार से प्रतापगढ़ के लिए रवाना हो गईं। वसुंधरा राजे प्रतापगढ़ में पूर्व मंत्री नंदलाल मीणा के निधन पर उनके घर शोक जताने पहुंचेगी। देर शाम को राजे का वापस उदयपुर होते हुए दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। प्रतापगढ़ जाने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का एयरपोर्ट से लेकर अलग-अलग जगहों पर स्वागत किया गया। इस दौरान राजे ने कुछ मिनट रुककर स्थानीय पदाधिकारियों के हाल-चाल भी जाने। इस दौरान विधायक श्रीचंद कृपलानी, उदयलाल डांगी, ताराचंद जैन, सहित कई पदाधिकारियों ने राजे से मुलाकात की।

### टोंक में अब पटवारी ने मारा साथी को तमाचा, पहले हुई थी कहासुनी



**टोंक।** प्रदेश का टोंक जिला पिछले साल नरेश मीणा के थप्पड़ कांड की वजह से सुर्खियों में आया था। नरेश मीणा ने वर्ष 2024 के नवंबर में देवली उनियारा की विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान एक एसडीएम को थप्पड़ जड़ दिया था जिसे लेकर भारी हंगामा हुआ था। अब लगभग एक साल बाद टोंक की ही देवली तहसील में एक और थप्पड़ कांड हुआ है। देवली में मंगलवार की शाम दो पटवारियों में एक मामले को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि एक पटवारी ने दूसरे पटवारी पर थप्पड़ चला दिया। इसके बाद हंगामा मच गया क्योंकि बताया जा रहा है कि यह घटना देवली तहसील में तहसीलदार के कमरे में हुई। घटना के बाद एक पटवारी ने दूसरे के खिलाफ देवली थाने में शिकायत दर्ज करवाई है और अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। मीडिया में आई खबरों में बताया गया है कि यह घटना मंगलवार शाम लगभग सवा 5 बजे हुई। आरोप है कि धर्मपाल खोरवाल नाम का एक पटवारी शुद्धि पत्र की अर्जी लेकर तहसीदार के पास गया था। लेकिन तहसीलदार ने मना कर दिया। इसके बाद धर्मपाल ने दूसरे मामलों का उल्लेख कर तहसीलदार से अर्जी स्वीकार करने का आग्रह किया। लेकिन इसी बीच वहां मौजूद एक दूसरा पटवारी किशन गर्ग नाराज़ हो गया और उसने धर्मपाल को थप्पड़ मार दिया।

### महिला की मौत के बाद ससुराल में हमला, 4 घरों में लगाई आग



**उदयपुर।** जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र के जाबुआ खुना गांव में मंगलवार देर रात करीब 11 बजे एक महिला की मौत के बाद पीहर पक्ष के 30-40 लोगों ने ससुराल पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कुल्हाड़ी, लाठी और बंदूक सहित हथियारों से लैस होकर पहले घरों में तोड़फोड़ और लूटपाट की। घर में मौजूद परिवार के लोग डर के मारे जंगल की तरफ भाग गए। आरोपियों ने घर में रखे गेहूं और मक्के से भरे कट्टे जलाकर 4 घरों में आग लगा दी। सूचना मिलने पर बेकरिया थाना प्रभारी उत्तम सिंह मेड़तिया जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। घटना में शामिल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। थानाधिकारी ने बताया कि घटनास्थल का जायजा लिया गया है और सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। आगजनी और लूटपाट के मामलों में जांच पूरी कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतका भूरी बाई गरासिया की मौत 5 सितंबर 2025 को जंगल में बेहोश पाई गई थी।

---

**मालगाड़ी हुई बेपटरी :** रेलवे के अधिकारी, जीआरपी और रेलवे कार्मिक तुरंत मौके पर पहुंचे

# बैल को बचाने के चक्कर में 38 डिब्बे पटरी से उतरे

**FAIR REPORT**
सीकर

राजस्थान में लगातार दूसरे दिन बड़ा रेल हादसा हो गया। रींगस और श्रीमाधोपुर के बीच न्यू रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार देर रात चावल से भरी मालगाड़ी के 38 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा बैल को बचाने के चक्कर में हुआ। यह मालगाड़ी फुलेरा से रेवाड़ी की ओर जा रही थी। तभी खाटूश्यामजी के पास यह हादसा हो गया, जिससे रींगस-श्रीमाधोपुर कॉरिडोर रेलवे ट्रैक बाधित हो गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि पटरी से उतरने के बाद डिब्बे एक-दूसरे पर ऐसे चढ़ गए, जैसे बच्चों के खिलौने एक के ऊपर एक रख दिए गए हों। ये मंजर किसी बॉलीवुड फिल्म के एक्शन सीन से कम नहीं था। मालगाड़ी के डिब्बों के टूटने और घिसटने की भयानक आवाज ने लोगों को डरा दिया। सवेरे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जब यह नजारा देखा तो उसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। चावल की बोरियां फट चुकी थीं। मालगाड़ी के कुछ डिब्बे पिचक चुके थे। पटरियां टूट चुकी थीं। रेल हादसे की जानकारी मिलते रेलवे में हड़कंप मच गया।



### बड़ा हादसा होते-होते बचा

इससे ठीक एक दिन पहले, मंगलवार को बीकानेर जिले में भी एक बड़ा हादसा होते-होते बचा था। चानी और कोलायत स्टेशनों के बीच एक और मालगाड़ी के 37 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। जिस ट्रैक पर मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई, उससे ठीक 30 मिनट बाद बीकानेर-जैसलमेर यात्री ट्रेन को गुज़रना था। अगर यह हादसा आधे घंटे देर से होता, तो यात्री ट्रेन सीधी इसकी चपेट में आ सकती थी।

---

**सड़क हादसा :** 7 दिन पहले खरीदी कार से मंदिर जा रहे थे दोस्त

# खड़े ट्रक में जा घुसी गाड़ी, तीन की मौत, 2 हुए घायल

**FAIR REPORT**
गंगानगर

आगे चल रहे ट्रक में पीछे से कार (टैक्सी) घुस गई। कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार तीन श्रद्धालुओं ने मौके पर दम तोड़ दिया। दो गंभीर रूप से घायल हैं। शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गए थे। टैक्सी काटकर तीनों बॉडी को बाहर निकाला गया। हादसा श्रीगंगानगर जिले के जैतसर में सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे-94 पर गांव 5 जीबी पुलिया के पास हुआ। घायलों को एम्बुलेंस से श्रीगंगानगर के जिला हॉस्पिटल भेजा गया। बताया जा रहा है कि ट्रक अनूपगढ़ से सूरतगढ़ की तरफ जा रहा था। ये पांचों युवक 7 दिन पहले खरीदी कार से निकले थे। पांचों युवक घरवालों को बिना बताए टैक्सी से श्रीगंगानगर में चानणा धाम बालाजी के दर्शन करने जा रहे थे। सूचना के बाद जैतसर पुलिस ने मौके से दोनों गाड़ियों को सड़क से साइड में करवाकर हाईवे पर यातायात शुरू करवाया।






सुरेंद्र



नरेश



मृतकों की पहचान सुरेंद्र (20) पुत्र पप्पूराम, नरेश कुमार (20) पुत्र बुधराम, कालूराम (18) के रूप में हुई है। तीनों 2पीजीएम, अनूपगढ़ के रहने वाले थे। सुखदेव (19) पुत्र श्रवण राम और जगदीश कुमार (28) पुत्र मुन्नीराम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जगदीश गाड़ी चला रहा था। सुखदेव प्लम्बर का काम करता है। कालूराम और नरेश चचेरे भाई थे। नरेश मजदूरी करता था। कालूराम सैलून पर काम करता था। सभी अविवाहित थे। जगदीश कुमार ने आखिरी नवरात्रि यानी 1 अक्टूबर को नई कार ली थी। जगदीश करीब 16-17 साल से टैक्सी चलाने का काम करता है। इससे पहले उसके पास क्रूजर गाड़ी थी।

पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला और शवों को मोर्चरी में भिजवाया। दो शव सूरतगढ़ और एक जैतसर की मोर्चरी में रखे गए हैं। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि मोड़ पर एसयूवी चालक रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे यह हादसा हुआ। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की विस्तृत पड़ताल जारी है।

### मुथूट फिनकॉर्प के कर्मचारियों ने 2.85 करोड़ का गबन किया

**सीकर।** शहर में संचालित मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों ने करोड़ों रुपए का गबन कर दिया। इन्होंने कम शुद्धता और फर्जी तरीके से गहनों का वजन बढ़ाकर जेवरात गिरवी रखे और लोन जारी कर दिया। अब कंपनी के जोनल हेड ने चार कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस थाने में दो मुकदमे दर्ज करवाए हैं। इसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहले मुकदमे में जोनल हैड अर्पण कुमार चावला ने कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी सीकर ब्रांच के प्रभारी मुकेश कुमार बेदवाल, सेल्स एंड सर्विस मैनेजर दशरथ सिंह,सीनियर सर्विस ऑफिसर शेखर शर्मा और बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर कमल सैनी ने 36 ग्राहकों के साथ मिलकर कम शुद्धता वाला सोना गिरवी रख लिया। इसके बदले ज्यादा अमाउंट का लोन जारी कर दिया। इससे कंपनी को 2.55 करोड़ का नुकसान हुआ है। दूसरे मुकदमे में इन्हीं चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट देकर बताया कि 33 ग्राहकों के सोने का वजन बढ़ाकर दिखाया।

---

## बाड़मेर में थार सुंदरी 35 तोला सोना पहन पहुंचीं

**FAIR REPORT**
बाड़मेर

थार महोत्सव की शुरुआत बाड़मेर में बुधवार को हुई। इस फेस्टिवल की शुरुआत गांधी चौक से शुरू हुई शोभायात्रा से हुई। इसके बाद सभी आदर्श स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुई। मुंबई के सोफिया कॉलेज में पढ़ने वाली नक्षत्री थार सुंदरी बनीं। नक्षत्री करीब 35 तोला सोना पहनकर इस कार्यक्रम में पहुंचीं। वहीं मैकेनिक का काम करने वाले धर्मेंद्र डाबी ने थार श्री का खिताब जीता। घुड़सवारी प्रतियोगिता में बाड़मेर शहर निवासी रूपसिंह रूपसिंह अपने घोड़े श्याम को लेकर पहुंचे। इस दौरान दादा-पोता दौड़ में 67 साल के मूलाराम और 14 साल के पोते महिपाल ने रेस जीती। इसी तरह कपल रेस में सरकारी टीचर सवाईराम अपनी पत्नी का हाथ पकड़कर दौड़े और रेस जीती। इस रेस में 50 साल के बुजुर्ग दंपती ने भी हिस्सा लिया। वहीं महिलाओं ने सिर पर मटका लेकर दौड़ लगाई। इस मटका दौड़ में बिशाला की रतनी विजेता रही। रतनी ने बताया कि वह पहली बार इसमें हिस्सा ले रही है।



## ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सुरेंद्र को मिला 'वायु सेना मेडल', वीरांगना पत्नी ने ग्रहण किया

**FAIR REPORT**
झुंझुनूं

देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को जब सम्मान मिलता है, तो गर्व और आंसू एक साथ बह निकलते हैं। आज 93वें वायु सेना दिवस के मौके पर ऐसा ही एक बेहद भावुक और गौरवशाली पल देखने को मिला। राजस्थान के झुंझुनूं जिले के बहादुर सपूत शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा को मरणोपरांत भारतीय वायु सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित किया गया है। गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर बुधवार को हुए भव्य समारोह में, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने ये सम्मान शहीद की वीरांगना पत्नी सीमा मोगा को प्रदान किया है।



सार्जेंट सुरेंद्र मोगा का ये सम्मान उनकी अदम्य वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्हें यह मेडल 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दिखाए गए असाधारण साहस और अदम्य समर्पण के लिए दिया गया है। वायु सेना दिवस पर जब एयर चीफ मार्शल ने खुद आगे बढ़कर वीरांगना सीमा मोगा को उनके शहीद पति का सम्मान सौंपा, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। यह मेडल सिर्फ एक धातु का टुकड़ा नहीं, बल्कि उस सर्वोच्च बलिदान की अमिट निशानी है जो सुरेंद्र मोगा ने देश की रक्षा करते हुए दिया। शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा झुंझुनूं जिले के मंडावा उपखंड के छोटे से गांव मेहरादासी के रहने वाले थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी।

शहीद सुरेंद्र मोगा के परिवार की कहानी भी कम प्रेरक नहीं है। यह परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी देश की सेवा में समर्पित रहा है। उनके पिता शिशुपाल मोगा खुद केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से सेवानिवृत्त हैं। उनके चाचा प्यारेलाल मोगा भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। और उनकी पत्नी सीमा मोगा के पिता, यानी उनके ससुर रामनिवास मील भी भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त हैं।

---

**विद्युत निगमो के लेखा कार्मिक पदोन्नति से वंचित**

# कर्मचारी पदोन्नति के लिए अब आंदोलन की राह पर

**FAIR REPORT**

**जयपुर।** राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ के आव्हान पर जयपुर डिस्कॉम के समस्त वृत्तो पर आज दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को अधीक्षण अभियंता एवं लेखाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने बताया कि पांचो विद्युत निगमो के लेखा कार्मिक पदोन्नति के लाभ से वंचित हो रहे हैं। विद्युत प्रशासन की गलत पदोन्नति नीतियों का खामियाजा कनिष्ठ लेखाकार पद पर नियुक्त कार्मिको को भुगतना पड़ रहा हैं। वर्ष 1992 में भर्ती सेकड़ो लेखा संवर्ग के कार्मिको को केवल एक पदोन्नति का ही लाभ मिला हैं और कुछ वर्षो में बिना दूसरी पदोन्नति के सेवानिवृत हो जाएंगे। प्रदेश महामंत्री अमित मल्होत्रा ने बताया कि राज्य सरकार ने परिपत्र दिनांक 22.8.2024 जारी कर समस्त विभागो में लेखाधिकारी पद पर सीधी भर्ती बंद करने का आदेश दिया था परंतु विद्युत निगमो में अब तक इस आदेश को लागू नहीं किया जा रहा हैं जिसका संगठन लगातार विरोध कर रहा हैं और इसे लागू करने की मांग कर रहा है। इसके साथ ही लेखा संवर्ग का पुनर्गठन कर पदोन्नति हेतु पर्याप्त पद बढ़ाने की मांग की जा रही हैं। भर्ती एवं पदोन्नति नियमो की विसंगति के चलते विद्युत मण्डल के समय के भर्ती कनिष्ठ लेखाकार को अब तक केवल एक पदोन्नति का लाभ मिल पाया हैं। क्योंकि पूर्व में कनिष्ठ लेखाकार, सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय एवं लेखाधिकारी तीन पदो पर सीधी भर्ती की जाती थी। वर्तमान में कनिष्ठ लेखाकार एवं लेखाधिकारी पद पर सीधी भर्ती की जा रही है। यहीं नही तीनो पद पर नियुक्त कार्मिक समान शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। समय पर पदोन्नति न होने के कारण राज्य सरकार ने लेखाधिकारी- द्वितीय पद पर सीधी भर्ती बंद कर दी थी। परंतु 2015 तक सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय एवं लेखाधिकारी पद पर अब तक लगातार सीधी भर्ती होने के कारण समान योग्यता रखने वाला कनिष्ठ लेखाकार पदोन्नति के लाभ से वंचित हो रहा हैं। जबकि राज्य सरकार एक सेवाकाल में तीन पदोन्नतियां आवश्यक रूप से देने का दावा कर रही हैं। लेखा प्रभारी योगेश शर्मा ने बताया कि संगठन एवं प्रशासन की गत वर्ष 15 सूत्रीय मांगपत्र पर वार्ता हुई परंतु एक वर्ष बीत जाने पर अब तक न तो सीधी भर्ती बंद की न ही लेखा संवर्ग का पुनर्गठन किया गया जिससे प्रत्येक कार्मिक को अपने सेवाकाल में कम से कम तीन पदोन्नतियों का लाभ मिल सके परंतु अब तक एक भी आदेश जारी नहीं किया गया हैं जिससे कर्मचारियों में अत्यंत आक्रोश व्याप्त हो गया हैं।




अब विद्युत निगमो के लेखा कार्मिक राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ के बैनर तले आरपार की लड़ाइूर के मूड में है। प्रथम चरण में आज दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को जयपुर डिस्कॉम के समस्त जिला मुख्यालयों पर एकदिवसीय प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जा रहा हैं। जयपुर में जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अरूण सिंह, महामंत्री धीरेंद्र फौजदार एवं जयपुर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुनकर के नेतृत्व में लेखा कार्मिको ने प्रदर्शन कर चेयरमैन डिस्कॉम के नाम ज्ञापन सौंपा। सरकार ने लेखाधिकारी पद पर सीधी भर्ती बंद कर लेखा संवर्ग का पुनर्गठन कर पदोन्नति हेतु पद बढ़ाने सहित 15 सूत्रीय मांगपत्र का निराकरण नहीं किया तो संगठन प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेगा।

# IG Srivastava Says – Protecting Children is Everyone's Responsibility

## Awareness Poster on POCSO Act Released in Udaipur

FAIR REPORT



**Udaipur-** To spread awareness about child safety and their rights, a special poster based on the POCSO Act (Protection of Children from Sexual Offences Act) was unveiled on Tuesday at the Udaipur Police Range. On this occasion, Inspector General of Police (IG) Gaurav Srivastava said, "A strong society is built on the foundation of a safe childhood. Protecting every child is our moral responsibility." He further stated that the POCSO Act, 2012 provides legal protection to children against sexual offences and ensures that every child grows up in a safe and respectful environment. He emphasized that proper awareness and timely reporting can help prevent many such crimes. During the program, UNICEF Child Protection Advisor Mrs. Sindhu Binujeet said the poster carries a clear message — "Every child has the right to a safe and dignified childhood." She added that child sexual abuse is a serious crime that should not be hidden but prevented.

Mrs. Binujeet urged people to immediately report any incident of violence, harassment, or abuse against children to the police helpline 112 or Childline 1098. She also stressed that maintaining the confidentiality of the victim's identity is both a legal and moral duty. The event was attended by Udaipur SP Yogesh Goyal, Rajsamand SP Dr. Mamta Gupta, Chittorgarh SP Manish Tripathi, Banswara SP Sudhir Joshi, Dungarpur SP Manish Kumar, Salumber SP Rajesh Yadav, Pratapgarh SP B. Aditya, nodal officer ASP Harsh Ratnu, and several other police officials. Concluding the event, IG Srivastava said that schools, families, and society must all work together to ensure child safety — only then can the vision of a "Safe Childhood, Bright Future" be truly achieved.

## Udaipur Municipal Corporation to Host Grand Diwali Fair 2025 from October 9 to 15

FAIR REPORT



**Udaipur:** The Municipal Corporation of Udaipur will organize the Diwali Fair 2025 from October 9 to October 15 at the Corporation Ground. The week-long event will feature cultural programs, exhibitions, and entertainment activities for all age groups.

Municipal Commissioner Abhishek Khanna announced that the fair will be inaugurated on October 9 at 7:15 pm in the presence of public representatives, administrative officials, and dignitaries. He said, "We want this Diwali Fair to showcase Udaipur's cultural diversity. This time, special care has been taken to ensure that people of all age groups can enjoy the cultural programs."

The schedule includes cultural performances by school and college students on October 11 and 12, a concert by Bollywood singer Swaroop Khan on October 13, and a performance by renowned singer Hemlata Sharma on October 14. The grand finale on October 15 will feature Laxman Singh Rathore and other artists.

Commissioner Khanna also emphasized safety and facilities at the venue. "Special police forces, women security guards, CCTV cameras, fire safety, and medical services have been arranged at the Corporation Ground. Our goal is to provide every citizen with a safe and enjoyable environment at the fair," he said.

## Government Fails to Provide Relief : Sachin Pilot Questions Accountability and Management



### Warm Welcome in Semalpura; Says – People Now Hope for Change

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** All India Congress Committee General Secretary and former Deputy Chief Minister Sachin Pilot visited Semalpura in Chittorgarh on Wednesday. While on his way from Mandalgarh to Udaipur, a large number of Congress leaders and workers gathered to welcome him. Speaking to the media, Pilot made sharp remarks on the state government's policies, preparedness, and handling of recent incidents.

Government Failing to Provide Relief; Public Losing Faith Pilot said that tragic incidents continue to occur across the state — from school roof collapses to road accidents and child deaths due to medicine reactions. He stated, "Disasters keep striking, yet the government seems unable to provide timely relief."

He alleged that the government lacks both proper management and public accountability. "People have now seen the government's reality. Promises have collapsed, and trust is fading fast," Pilot said. Rural Development Stalled, Corruption on the Rise Pilot claimed that development in rural areas has come to a halt and corruption is at its peak. "The government has forgotten its promises of jobs and a corruption-free system. Only announcements and advertisements are visible — no real work on the ground," he added. Questions Raised Over Health Services and Accountability Highlighting negligence in the healthcare system, Pilot said that frequent hospital accidents show the lack of responsibility. "People go to hospitals expecting care but lose their lives due to negligence."

### Gehlot Says – No Questions Asked to Accused in Suraj Mali Case

## DEMANDS JUDICIAL INQUIRY INTO JAIPUR FIRE TRAGEDY

**Former Chief Minister Passed Through Chittorgarh on His Way to Bihar, Says—Even MLAs and MPs Are Not Being Heard; Congress Will Form Government in Bihar**

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** Former Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot left for Bihar on Wednesday as the senior Congress observer for the upcoming Bihar Assembly elections. On his way to Bihar via Udaipur Airport, he passed through Chittorgarh, where Congress workers and office bearers warmly welcomed him near Devari. During the brief halt, Gehlot interacted with the media and shared his views on several state and national issues.

No Interrogation of the Accused in Suraj Mali Case

Gehlot first referred to the Suraj Mali case from Kapasan, saying he recently met Suraj in Ahmedabad, where the assault incident took place. He mentioned that Suraj's condition has improved and many people are helping him.

Gehlot questioned, "The main accused was sent to jail in just one day. The police didn't even ask him why he did it or at whose behest." He added that the administration had promised 25 lakh in assistance to Suraj Mali, of which 20 lakh has already been given, and the government also bore his medical expenses. Speaking on the Jaipur fire tragedy, Gehlot criticized the state government, saying several people lost their lives, yet the authorities failed to provide timely help to the victims' families. "I have never seen such mismanagement in my life," he remarked. He demanded a judicial inquiry, stating, "The government merely formed a four or five-member committee to cover up the issue, but only a judicial commission can bring out the truth." The former Chief Minister also targeted the state government, saying, "The government has lost all authority. Even MLAs and MPs are not being heard—so how can the common people expect relief?"

He also expressed concern over recent incidents of collapsing school roofs, saying the government must take such issues seriously and form a permanent judicial commission to ensure accountability.

## Violence Erupts in Jambua Khuna Village

FAIR REPORT



**Udaipur:** Over the death of a woman, violence erupted in Jambua Khuna village under Bekariya police station on Tuesday morning, when nearly 30-40 armed men from her parental side launched a deadly attack demanding maotana (compensation for death). The assailants stormed the village, looted property, vandalized houses, set several homes on fire, and opened fire with country-made guns, triggering panic among the residents. Two villagers, Dinesh son of Homa and Soma Garasiya, narrowly escaped the gunfire, while terrified residents abandoned their homes and took shelter in nearby forests. Four thatched houses were reduced to ashes, and household belongings were extensively damaged. The incident is linked to the death of Bhuri Bai Garasiya, wife of Soma Garasiya, who had gone to collect fodder on September 5. When she did not return, her family found her unconscious in the jungle and rushed her to Bekariya CHC, where doctors declared her dead.

## The Golden Quill of Rajasthan When Journalism Was a Calling, Not a Career

FAIR REPORT

**JAIPUR:** In the desert land of Rajasthan, where words once carried the weight of truth and courage, journalism was not just a profession — it was a public mission. From the dusty pressrooms of the 1970s to the digital chaos of today, Rajasthan's journalists have chronicled not only the pulse of politics but the conscience of society. And among the names etched in this legacy, Narayan Bareth stands tall — a figure whose pen became both mirror and torchlight for generations that followed.

**The Age of Integrity**

There was a time when journalism in Rajasthan meant walking miles to reach a drought-hit village, filing stories under lanterns, and confronting power without fear. Reporters like Narayan Bareth, Laxman Singh Kothari, Om Saini, S. P. Singh, Hari Mohan Tiwari, and Madan Mohan Sharma were not merely reporters; they were public educators. Their bylines carried credibility earned through sweat, fieldwork, and moral discipline. Bareth, in particular, embodied the spirit of the old guard — rigorous in verification, fearless in expression, and deeply rooted in the ethics of journalism. His stories did not seek popularity; they sought accountability. He represented an era when a journalist's loyalty was not to the newsroom or the advertiser, but to the reader — and to the truth.

**The People's Chronicle**

Rajasthan's press, from Rajasthan Patrika and Dainik Navjyoti to Jansatta and Sandhya Jyoti, once functioned as the unofficial fourth arm of governance. Investigations into rural distress, caste atrocities, desert ecology, and bureaucratic corruption defined its moral fabric. Journalism was local in spirit but national in consequence. It informed Delhi what was happening in Dungarpur, and it made the government answerable to the farmer in Nagaur. The pressrooms of that time were schools of thought — where editors mentored young reporters not just in language but in values. The likes of Bareth, with his balanced prose and humane lens, shaped an entire generation that viewed journalism as a sacred trust.

## A New Dawn in Rajasthan's Politics

# Mukesh Bhadala Leads Congress into the Digital Future

FAIR REPORT

**New Delhi:** From the humble lanes of Alipura village in Tonk district to the dynamic stage of state politics, Mukesh Bhadala's rise is more than a personal success story — it's the beginning of a new chapter in how politics can merge technology, service, and sustainability. His recent appointment as State General Secretary, Environment Cell, Indian National Congress (Rajasthan) stands as a recognition of his futuristic vision — to transform Congress into a digitally empowered, tech-driven, and people-first organization.

**From the Grassroots to the Digital Frontier :**

Mukesh Bhadala joined the Congress party in 2015 with a simple yet powerful belief — that politics must evolve with technology to stay connected to the people. Starting as a local volunteer in Jaipur's urban units, he quickly became known for his innovation, discipline, and digital strategy. His ability to combine on-ground mobilization with AI-powered data insights during Lok Sabha and Vidhan Sabha campaigns made him stand out as a new-age political organizer.



Senior party leaders soon realized that Mukesh was not just another worker — he was a visionary bridging the gap between the party and the digital age. His appointment to the Environment Cell's top state position is both an acknowledgment of his contribution and a signal of the Congress high command's intent to embrace the future of tech-led politics.

Empowering Villages with the Language of Technology Mukesh believes that "the next revolution in democracy will come from digital empowerment." His work on the ground reflects that philosophy:

Digital Literacy Drives Train villagers, youth, and women to use computers, smartphones, and online government services confidently. AI Awareness Programs: Simplified Artificial Intelligence concepts for rural students and entrepreneurs, helping them explore new opportunities.

Bridging the Digital Divide: Promoted affordable digital devices and open-source software to empower small communities.

Skill Development Missions: Introduced AI tools and coding programs for rural schools and startups.

Led eco-friendly drives — from plantation campaigns to waste management projects — blending technology with environmental awareness.

Used data-driven planning and social media coordination to support relief and volunteer efforts during emergencies.

For Mukesh, technology is not a privilege; it's a right — a tool that can empower even the most marginalized citizen if used with vision and compassion. Digital Vision for a Sustainable Tomorrow As State General Secretary (Environment Cell), Mukesh Bhadala envisions a Congress that harnesses the power of AI, data analytics, and geospatial mapping to address real issues — from deforestation and pollution to urban waste and water scarcity.

**His roadmap includes:**

AI-Driven Environmental Mapping to monitor green zones and track pollution sources. Digital Dashboards for transparency in plantation and cleanliness drives. Smart Village Models where renewable energy, e-governance, and environmental responsibility go hand in hand. Mukesh dreams of a Congress that doesn't just talk about change — but codes, connects, and creates it.

Congress 2.0 — A Tech-Powered People's Movement Speaking about his long-term vision, Mukesh Bhadala says: "Technology must serve the people — not the other way around. My mission is to transform Congress into India's most tech-savvy, environmentally responsible, and youth-driven political organization. Digital India must have a Digital Congress — connected, responsive, and futuristic." His leadership represents the fusion of tradition and transformation — a reminder that the strength of Congress lies not only in its history but also in its ability to adapt to the digital age. From Alipura to AI, from grassroots to green technology, Mukesh Bhadala embodies the spirit of a new Congress — one that listens, learns, and leads with innovation.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**